सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-313
02/08/2017

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिवों के साथ बैठक की

पटना, 02 अगस्त 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिवों द्वारा अपने–अपने विभाग के कार्यों से संबंधित जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री द्वारा सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिवों को निर्देश दिया कि अपने विभाग के संसाधनों के उपयोग पर नजर रखें तथा विभाग के कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतें। उन्होंने कहा कि विभागवार विस्तृत समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के कार्यों में और गति लानी है। मुख्यमंत्री ने सभी को सख्त निर्देश दिया कि काम नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रधान सचिव/सचिव अपने विभाग के सेवा संबंधी मामलों पर ध्यान देंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व संबंधित मामलों के निष्पादन पर विशेष ध्यान दें, इससे समाज में शांति आयेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा एवं विधान परिषद के सत्र में प्रश्नकाल एवं कार्यवाही के दौरान विभाग के वरीय अधिकारी पदाधिकारी दीर्घा में उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2016–17 में बिहार का विकास दर करेंट रेट (वर्तमान/चालू दर) के आधार पर 14.8 प्रतिशत है तथा स्थिर दर के आधार पर 10.32 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल डिजिट विकास दर है, यह खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में परकैपिटा इनकम (प्रति व्यक्ति आय) में करेंट रेट (वर्तमान/चालू दर) के आधार पर 13.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। प्रति व्यक्ति आय के विकास में बिहार का दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि धरातल पर लागू की गयी हमारी योजनाओं का बड़ा प्रभाव पड़ा है। बिहार के कसबों में स्कूल भवनों के निर्माण का उदाहरण देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सभी कसबों/इलाकों में निर्माण सामग्री की उपलब्धता बढ़ी तथा लोगों के लिये रोजगार भी पैदा हुये। उन्होंने कहा कि हमारा विकास विकेन्द्रीकृत तरीके से योजनाओं को लागू करने से हुआ है। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की भी समीक्षा की जायेगी कि इस योजना से कितने लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य है बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ग्रॉश इनरॉलमेंट रेशियो को बढ़ाना।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

इस बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के सभी मंत्रियों के साथ भी बैठक की।

******